प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi

Website : www.rbi.org.in

ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001

Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001

फोन/Phone: 022- 22660502

7 मार्च 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया ने द्विपक्षीय लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए

भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया ने सीमापारीय लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं अर्थात भारतीय रुपया (आईएनआर) और इंडोनेशियाई रुपिया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु एक ढांचा स्थापित करने के लिए आज मुंबई में एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सहमति ज्ञापन पर श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक और श्री पेरी वारजियो, गवर्नर, बैंक इंडोनेशिया ने हस्ताक्षर किए।

2. भारत और इंडोनेशिया के बीच स्थानीय मुद्राओं में सीमापारीय लेनदेन के क्षेत्र में सहयोग के लिए रूपरेखा स्थापित करने संबंधी एमओयू का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से आईएनआर और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। एमओयू में सभी चालू खाता लेनदेन, अनुमेय पूंजी खाता लेनदेन और दोनों देशों द्वारा सहमति के अनुसार किसी भी अन्य आर्थिक और वित्तीय लेनदेन को शामिल किया गया है। यह रूपरेखा निर्यातकों और आयातकों को उनकी संबंधित घरेलू मुद्राओं में बीजक बनाने और भुगतान करने में सक्षम बनाएगा, जो परिणामस्वरूप आईएनआर-आईडीआर विदेशी मुद्रा बाज़ार के विकास को सक्षम करेगा। स्थानीय मुद्राओं का उपयोग लेनदेन के लिए लागत और निपटान समय को अनुकूलित करेगा।

3. यह सहयोग भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। द्विपक्षीय लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं का उपयोग अंततः भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ वित्तीय एकीकरण को गहन करने तथा भारत और इंडोनेशिया के बीच दीर्घकालिक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में योगदान देगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/2017